पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के संस्थापक सदस्य ताज हैदर का 83 वर्ष की आयु में निधन

कराची

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के वरिष्ठ नेता और सीनेटर ताज हैदर का मंगलवार को कराची में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि की। परिवार ने बयान में कहा कि हैदर का कराची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। मस्जिद-ओ-इमामबरगाह यासरब, फेज 4, डिफेंस सोसाइटी, कराची में जुहरैन की नमाज के बाद उनकी अंतिम नमाज अदा की जाएगी। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने वरिष्ठ पीपीपी नेता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

उनकी पत्नी के हवाले से यह खबर दी है। पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने पार्टी के केंद्रीय महासचिव ताज हैदर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। सिंध प्रांत के पीपीपी महासचिव वकार मेहदी ने भी शोक संवेदना जताई है। मेहदी ने कहा कि वे पीपीपी के संस्थापक सदस्य थे। उनका जन्म 08 मार्च, 1942 को भारत के राजस्थान में कोटा में हुआ था। विभाजन के बाद परिवार पाकिस्तान चला आया।

उन्होंने कराची के रंचोर लाइंस स्थित सरकारी हाईस्कूल में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह ललित कला की दुनिया में आए। टेलीविजन के धारावाहिकों के लिए कहानियां लिखीं। विभिन्न समाचार पत्रों के लिए विचारोत्तेजक स्तंभ भी लिखे। अपने स्वयं के धारावाहिक अबला पा में अभिनय किया।

हैदर ने राजनीतिक यात्रा 1967 में शुरू की। वह पीपीपी में शामिल हो गए।पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके राजनीतिक, सामाजिक और साहित्यिक योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। लोकतंत्र के लिए उनका आजीवन संघर्ष और बलिदान भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। कराची प्रेस क्लब के अध्यक्ष फाजिल जमीली ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सच्चे कॉमरेड और समर्पित डेमोक्रेट को आखिरी सलाम। हैदर को वैज्ञान क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए 2012 में सितारा-ए-इम्तियाज से सम्मानित किया गया। उन्हें 2006 में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरियल लेखक के लिए 13वां पीटीवी पुरस्कार भी मिला।

न्यूज ब्रीफ

उत्तरी चीन के नर्सिंग होम में भीषण आग, 20 लोगों की मौत

शीजियाझुआंग। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। यह आग मंगलवार रात करीब नौ बजे चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में लगी। बुधवार सुबह तीन बजे तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, नर्सिंग होम में आग लगने के बाद सुरक्षित निकाले गए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने झुलसे लोगों की संख्या का खुलासा नहीं किया है। उल्लेखनीय है कि चीन में ऐसा ही हादसा 19 साल पहले हुआ था। शिन्हुआ के अनुसार, उत्तर-पूर्व चीन में एक चार मंजिला अस्पताल में लगी आग से बचने के लिए हजारों मरीज खिड़कियों से कूद गए थे। इस दौरान कम से कम 39 लोग मारे गए।

अमेरिका में वर्जीनिया के स्पॉट्सिल्वेनिया काउंटी में गोलीबारी, तीन की मौत, तीन घायल

स्पॉट्सिल्वेनिया काउंटी (वर्जीनिया)। संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्जीनिया के स्पॉट्सिल्वेनिया काउंटी में मंगलवार को हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। स्पॉट्सिल्वेनिया काउंटी शेरिफ कार्यालय (एससीएसओ) के डिप्टी को शाम करीब 5:30 बजे स्पॉट्सिल्वेनिया में गोलीबारी की सूचना मिली। स्पॉट्सिल्वेनिया, वाशिंगटन, डीसी से करीब 60 मील दक्षिण में एक उपनगर है। खबर के अनुसार, आधिकारिक समाचार विज्ञप्ति में कहा गया कि जब डिप्टी वहां पहुंचे, तो कई लोगों को गोली लगी हुई थी। 7:45 बजे तक शेरिफ कार्यालय ने पुष्टि की कि तीन लोग मारे गए हैं और तीन लोगों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया है। एससीएसओ अधिकारियों के अनुसार, गोलीबारी की जांच की जा रही है। अभी तक किसी भी संदिग्ध को नहीं पकड़ा जा सका है।

ट्रेड वार: अमेरिका ने चीन पर लगाया 104 प्रतिशत टैरिफ, आधी रात से होगा लागू

वाशिंगटन। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर जारी तनाव ने अब और गंभीर रूप ले लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से आयात होने वाले कुछ सामानों पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो 08 अप्रैल की आधी रात यानी 09 अप्रैल से प्रभावी होगा। यह कदम चीन द्वारा अमेरिका पर 34 प्रतिशत के अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने के जवाब में उठाया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि बीजिंग द्वारा टैरिफ वापसी से इनकार करने के बाद अमेरिका ने यह कड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, अमेरिका अपने हितों की रक्षा करेगा और चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगा। 09 अप्रैल से यह टैरिफ प्रभावी हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर चीन 08 अप्रैल तक अपने टैरिफ निर्णय को वापस नहीं लेता है, तो अमेरिका 50 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाएगा। लेकिन अब यह शुल्क बढ़ाकर 104 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे स्पष्ट है कि अमेरिका चीन के खिलाफ कड़े कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फैसले के बाद चीन की प्रतिक्रिया भी तीखी रही। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका के फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक गलती के ऊपर एक और गलती करार दिया और अंत तक लड़ने की चेतावनी दी। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का यह कदम न केवल द्विपक्षीय व्यापार को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ाएगा।

विशाल ब्लैक होल को तारों को निगलते हुए कैमरे में कैद किया

वाशिंगटन

पहली बार वैज्ञानिकों ने एक विशाल ब्लैक होल को तारों, गैस और धूल को निगलते हुए कैमरे में कैद किया है। इसके अलावा अंतरिक्ष में शक्तिशाली जेट्स और गैलेक्टिक विंड्स के रूप में उगलते हुए भी कैद किया है। यह दृश्य यूरोपियन साउदर्न ऑब्जर्वेटरी (ईएसओ) के वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान से रिकॉर्ड किया है। यह ब्लैक होल एनजीओ 4945 नामक एक स्पाइरल गैलेक्सी के केंद्र में स्थित है, जो पृथ्वी से करीब 12 मिलियन प्रकाश-वर्ष दूर है। ईएसओ के वैज्ञानिकों के अनुसार, यह ब्लैक होल अपने आसपास की गैस और धूल को निगलने के साथ-साथ अत्यधिक ऊर्जा वाले जेट्स और तेज़ हवाएं छोड़ रहा है, जो प्रकाश की गति के करीब की रफ्तार से अंतरिक्ष में फैल रही हैं। इन गैलेक्टिक विंड्स के कारण गैलेक्सी की गैस और धूल अंतरिक्ष में बिखर रही है, जिससे नए तारों के निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। वैज्ञानिकों के लिए यह पहली बार है जब किसी ब्लैक होल को इतनी तेज़ गति से पदार्थ बाहर फेंकते हुए देखा गया है। आमतौर पर ब्लैक होल्स को हर चीज़ को निगलने वाले राक्षस के रूप में देखा जाता है, लेकिन एनजीसी 4945 का यह ब्लैक होल अपने व्यवहार के कारण खुद की वृद्धि को ही बाधित कर रहा है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, यह इतनी तेज़ी से पदार्थ बाहर फेंक रहा है कि अपने लिए आवश्यक गैस और धूल के स्रोत को भी समाप्त कर सकता है, जिससे इसकी शक्ति धीरे-धीरे कम हो सकती है। ईएसओ के एमयूएसई (मल्टी यूनिट स्पेक्ट्रोस्कोप एक्सप्लोलर) इंस्ट्रूमेंट ने इस गैलेक्सी की 3डी इमेज तैयार की, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ब्लैक होल से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में किस तरह फैल रही है। हमारी गैलेक्सी, मिल्की वे, के केंद्र में मौजूद ब्लैक होल सैजिटेरियस ए अपेक्षाकृत शांत है और इतनी तेज़ गैलेक्टिक विंड्स उत्पन्न नहीं करता। यह नई खोज वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद कर सकती है कि कैसे कुछ ब्लैक होल्स केवल निगलने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि गैलेक्सी के विकास को भी प्रभावित करते हैं।

दुनिया के एविएशन इतिहास में साल 1908 में आया था महत्वपूर्ण और दुखद मोड़

न्यूयॉर्क। दुनिया के एविएशन इतिहास में 17 सितंबर 1908 का दिन एक महत्वपूर्ण और दुखद मोड़ लेकर आया। अमेरिका के वर्जीनिया में फोर्ट मायर ग्राउंड में हजारों की भीड़ जमा थी। सैकडों की संख्या में लोग उस अनोखी मशीन को देखने पहुंचे थे, जो इंसान को पक्षियों की तरह उड़ने की ताकत देती थी। यह मशीन थी 'राइट फ्लायर', जिसे राइट ब्रदर्स ऑरविल और विल्बर राइट ने विकसित किया था। इससे पहले, साल 1903 में दोनों भाई दुनिया की पहली सफल मोटर चालित उड़ान भर चुके थे। अब वे इस विमान का एक उन्नत संस्करण अमेरिकी सेना के सामने प्रदर्शित करने वाले थे। इस ऐतिहासिक उड़ान को ऑरविल राइट संचालित कर रहे थे और उनके साथ सेना के लेफ्टिनेंट थॉमस सेल्फ्रिज सवार थे। जैसे ही राइट फ्लायर ने उड़ान भरी, वहां मौजूद दर्शकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। तालियों की गूंज और उत्साह से फोर्ट मायर का मैदान भर उठा। सब कुछ सामान्य चल रहा था, पर कुछ ही पलों में एक भयावह दृश्य ने पूरे माहौल को सन्नाटे में बदल दिया। अचानक विमान का एक प्रोपेलर टूटकर नीचे गिर गया और विमान ने तेजी से नीचे की ओर गोता लगाना शुरू कर दिया। कुछ ही सेकंड्स में वह जमीन से टकरा गया। इस दुर्घटना में लेफ्टिनेंट थॉमस सेल्फ्रिज की मौत हो गई, जो विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले पहले व्यक्ति बने। वहीं ऑरविल राइट भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी टांग टूट गई और शरीर की कई हड्डियों में फ्रैक्चर आया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उनकी जान बचा ली गई। यह हादसा जितना दर्दनाक था, उतना ही ऐतिहासिक भी, क्योंकि इसने उड़ान की दुनिया को यह एहसास कराया कि केवल उड़ान भरना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे सुरक्षित बनाना भी बेहद जरूरी है। इस हादसे के बाद राइट ब्रदर्स ने अपने विमानों की मजबूती, संतुलन और सुरक्षा को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। यह घटना एक चेतावनी थी कि तकनीकी विकास के साथ-साथ सुरक्षा मानकों को भी उसी गति से विकसित करना जरूरी है। यह हादसा एविएशन के विकास में एक ऐसा पड़ाव था, जिसने इंसानों को यह सिखाया कि हर खोज के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। राइट फ्लायर का यह परीक्षण भले ही एक त्रासदी में बदल गया, लेकिन इससे मिली सीख ने आगे चलकर विमानों को अधिक सुरक्षित और व्यावहारिक बनाया।

तुर्की का ईसाई बाल्यान परिवार, 5 पीढ़ियों तक संभाली वक्फ की जिम्मेदारी, भारत में विवाद

अंकारा

इतिहास को देखें तो दुनिया के सबसे बड़े भूभाग पर इस्लामिक हुकूमत कायम करने वाले ऑटोमन साम्राज्य के दौरान वक्फ भूमिकाओं में यहूदी और ईसाई समुदाय के लोगों को शामिल किया गया था। प्रसिद्ध ईसाई आर्मेनियाई बाल्यान परिवार ने तो साम्राज्य के दौरान कई पीढ़ियों तक वक्फ के तहत मस्जिदों और सार्वजनिक भवनों का निर्माण और रखरखाव किया। यह ईसाई परिवार ऑटोमन साम्राज्य के दौरान महत्वपूर्ण हैसियत रखता था।

18वीं और 19वीं शताब्दी के दौरान ऑटोमन सुल्तानों के दौर में बाल्यान परिवार दरबारी वास्तुकारों का प्रमुख परिवार था। इस परिवार ने पांच पीढ़ियों तक ऑटोमन साम्राज्य में कई प्रमुख इमारतों का डिजाइन और निर्माण किया। इस परिवार ने महल, हवेल, कोनाक के साथ ही मस्जिद, चर्च और सार्वजनिक इमारतों का निर्माण कराया, जिनमें ज्यादातर इस्तांबुल में है। वहीं दूसरी तरफ भारत में मोदी सरकार के लाए वक्फ संशोधन विधेयक पर बीते कुछ दिनों से खूब चर्चा हो रही है। बिल के विरोध में एक तर्क जो बार-बार दिया गया कि मोदी सरकार मुस्लिमों के वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना चाह रही है। हालांकि, भारत के गृह मंत्री ने संसद में साफ किया कि एनडीए सरकार का ऐसा नहीं करने जा रही है।

पाक महीना रमजान में भी नहीं थमा कत्लेआम- आतंकियों ने पाकिस्तानी सेना की बिछा दी लाशें

इस्लामाबाद। पिछले महीने रमजान का पाक महिना था। ये वक्त इबादत और नेक काम करने का होता है। लेकिन आतंकवादियों ने प्रतिदिन पाकिस्तानी फौज और सुरक्षा बलो पर आठ से ज्यादा हमले किए और प्रतिदिन 5 से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों को मार डाला। इस दौरान 112 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल भी हुए। यानी रमजान के महीने में पाकिस्तान फौज के 175 लोग मारे गए। मार्च के पाक रमजान के महीने में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे हमलों के जवाब में आतंकवादी संगठन तहरीके तालिबान पाकिस्तान ने पाकिस्तानी फौज और सुरक्षाबलों पर कल 260 हमले किए।

फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगाते हुए लोग

मिस्र में एक रैली के दौरान फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगाते हुए लोग।

भूकंप से डरे लोग तलाश रहे सुरक्षित घर

बैंकॉक

म्यांमार और थाईलैंड में आए 28 मार्च को एक शक्तिशाली भूकंप से जमीन थर्रा गई थी। 7.7 तीव्रता के भूकंप से इमारतें हिलने लगीं। हालांकि इसका केंद्र म्यांमार में था, लेकिन तबाही के निशान बैंकाक में ज्यादा देखने को मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेशे से सेल्स कोऑर्डिनेटर फात्सकोन अब बैंकॉक के उन अनेक निवासियों में से एक हैं जो इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें शहर में सुरक्षित घर की तलाश करनी चाहिए। क्योंकि 28 मार्च को पड़ोसी म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में सैकड़ों आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। फात्सकोन जिस बहुमंजिला इमारत में रहते हैं उसके मालिकों ने उन्हें आश्वासन दिया कि इंजीनियरों ने इमारत के हर हिस्से की जांच कर ली है और निष्कर्ष निकाला है कि यह रहने योग्य है। लेकिन वह अभी भी दरारों को लेकर डरे हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे थोड़ा डर लग रहा है। और मेरी मां ने भी मुझे यहां से चले जाने को कहा है।

भूकंप के केंद्र से 1,000 किमी (620 मील) से अधिक दूर थाई राजधानी सैकड़ों टावरों और चमचमाती ऊंची इमारतों का शहर है। बैंकाक में वास्तव में कभी भी ऐसे भूकंप नहीं आते हैं। बैंकॉक स्थित रियल एस्टेट सलाहकार 40 वर्षीय ओवेन झू ने कहा कि उनके क्षेत्र पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण रहा है।

चीनी प्रॉपर्टी एक्सपर्ट ने कहा, लोगों को यह एहसास हो गया है कि ऊंची इमारतों में रहने से भूकंप प्रतिरोध के मामले में दो मंजिला या कम ऊंचाई वाली इमारतों की तुलना में अधिक जोखिम हो सकता है।

डोमिनिकन गणराज्य में नाइट क्लब की छत ढही, 79 की मौत, 155 घायल, तीन दिन का राष्ट्रीय शोक

सेंटो डोमिंगो

डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सेंटो डोमिंगो (नेशनल डिस्ट्रिक्ट) में मंगलवार सुबह एक नाइट क्लब की छत ढह जाने से कम से कम 79 लोगों की जान चली गई। इस क्लब का नाम जेट सेट है। यह हादसा गायिका रूबी पेरेज की प्रस्तुति (संगीत कार्यक्रम) के दौरान हुआ। मृतकों में 59 वर्षीय पेरेज के अलावा मेजर लीग बेसबॉल के पूर्व पिचर ऑक्टेवियो डोटेल, पूर्व खिलाड़ी टोनी ब्लैंको और मोंटेक्रिस्टी प्रांत के गवर्नर नेल्सी क्रूज भी शामिल हैं। शोक में डूबे इस गणराज्य में हुए हादसे में 155 से अधिक लोग घायल हुए हैं। खबर के अनुसार, डोमिनिकन गणराज्य उत्तर अमेरिका महाद्वीप में एक कैरिबियाई देश है। डोमिनिकन गणराज्य की आपातकालीन सेवा ने मृतकों और घायलों की संख्या की पुष्टि की है। छत गिरने की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है। आपातकालीन सेवाओं के प्रबंध निदेशक मेजर जनरल जुआन मैनुअल मेंडेज ने मंगलवार देररात संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक 79 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।155 बचे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डोमिनिकन गणराज्य पुलिस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कहा कि अभी भी मलबे में लोगों की तलाश की जा रही है। लेकिन मलबे में दबे लोगों के जीवित बचने की संभावना क्षीण हो गई है। राष्ट्रपति लुइस एबिनेडर ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि मोंटेक्रिस्टी प्रांत के गवर्नर नेल्सी क्रूज भी इस हादसे में मारे गए संस्कृति मंत्री रॉबर्टो एंजेल साल्सेडो ने हादसे पर गहरी शोक संवेदना जताई है। डोमिनिकन गणराज्य से वैश्विक संगीत सितारे जुआन लुइस गुएरा, प्यूर्टो रिको से डैडी यांकी और प्यूर्टो रिकान विरासत वाले न्यू यॉर्कर मार्क एंथनी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, दुख व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं।

बांग्लादेश में इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लूटपाट, हमला, तोड़फोड़, 72 गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में सात अप्रैल को गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान के खिलाफ हुए देशव्यापी प्रदर्शन में हुई लूटपाट के सिलसिले में 72 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान तोड़फोड़ करने के साथ हमले भी किए। खबर अनुसार, 33 लोगों को खुलना, 19 लोगों को सिलहट, पांच लोगों को चटगांव , चार लोगों को गाजीपुर, चार लोगों को नारायणगंज और तीन लोगों को कॉक्स बाजार और तीन लोगों को कोमिला में गिरफ्तार गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इन घटनाओं के संबंध में अब तक नौ मामले दर्ज किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल को इजराइल के खिलाफ और फिलिस्तीन के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन हुआ। इससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। इसमें विश्वविद्यालयों, स्कूलों, मदरसों के विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न व्यावसायिक एवं नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस प्रदर्शन की वजह से व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। शैक्षणिक परिसर खाली रहे। इस वजह से कक्षाएं और परीक्षाएं तक स्थगित करनी पड़ी।